**M.A. Semester-I Examination 2016**
**Hindi**
**Course - II**
नाटक और निबंध

**Time : 3 Hours** **Full Marks : 40**

Questions are of value as indicated in margin

1. निम्नलिखित अवतारणों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 2×8=16

(क) यहां के श्यामल कुंज, घने जंगल, सरिताओं की माला पहने हुए शैल-श्रेणी, हरी-भरी वर्षा-गर्मी की चाँदनी, शीतकाल की धूप और भोले कृषक तथा सरल कृषक-बालिकाएँ बाल्यकाल की सुनी हुई कहानियों की जीवित प्रतिमाएँ हैं। यह स्वप्नों का देश, यह त्याग और ज्ञान का पालना, यह प्रेम की रंगभूमि–भारत-भूमि क्या भुलाई जा सकती है? कदापि नहीं। अन्य देश मनुष्यों की जन्मभूमि है; भारत मानवता की जन्मभूमि है।

(ख) अपने कुचले आत्म-सम्मान को बचाने की खातिर वह अक्सर 'शुक्र-शनीचर' घर छोड़कर चला जाता है, लेकिन कुछ घंटों बाद वापस लौट आता है— थका-हारा, पराजित...क्योंकि यही उसकी नियति है।

(ग) लोभियों का दमन योगियों के दमन से किसी प्रकार कम नहीं होता। लोभ के बल से वे काम और क्रोध को जीतते हैं, सुख की वासना का त्याग करते हैं, मान-अपमान में समान भाव रखते हैं। अब और चाहिए क्या? जिससे वे कुछ पाने की आशा रखते हैं वह यदि उन्हें दस गालियाँ भी दे देता है तो उसकी आकृति पर न रोष का कोई चिह्न प्रकट होता है और न मन में ग्लानि पैदा होती है।

(घ) यह जो स्थूल से सूक्ष्म की और अग्रसर होना है, जो कुछ जैसा होनेवाला है, उसको वैसा ही न मानकर जैसा होना चाहिए, उसकी और जाने का प्रयत्न है, यही मनुष्य की मनुष्यता है। अनेक बातों में मनुष्य और पशु में कोई भेद नहीं है। मनुष्य पशु की अवस्था से ही अग्रसर होकर इस अवस्था में आया है।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही **दो** के उत्तर दीजिए– 2×12=24

(क) चन्द्रगुप्त का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ख) 'आधे-अधूरे' की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'करुणा' की सामाजिक उपयोगिता का विवेचन कीजिए।

(घ) 'अशोक के फूल' शीर्षक निबंध के वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालिए।